
उपलब्धि — खिलाड़ी से मैच रेफरी और क्यूरेटर तक रहा छह दशक का सफर

# आनंद पटेल को लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड

**नवभारत, जबलपुर।** संस्कारधानी के वरिष्ठ क्रिकेटर, पूर्व सेंट्रल जोन खिलाड़ी, बीसीसीआई मैच रेफरी और क्यूरेटर आनंद पटेल को 26 अगस्त को इंदौर में मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (एमपीसीए) के सीजन अवॉर्ड्स 2025-26 समारोह में लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा।

करीब छह दशक के क्रिकेट सफर में खिलाड़ी, कप्तान, अंपायर, मैच रेफरी और क्यूरेटर के रूप में योगदान देने वाले आनंद पटेल को यह सम्मान केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और आईसीसी मैच रेफरी तथा पूर्व टेस्ट क्रिकेटर जवागल श्रीनाथ प्रदान करेंगे। समारोह में एमपीसीए अध्यक्ष, सचिव सहित मध्यप्रदेश के कई वर्तमान और पूर्व क्रिकेटर मौजूद रहेंगे।



### रणजी से सेंट्रल जोन तक का सफर

आनंद पटेल ने 1965 से 1968 तक जबलपुर विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया। इसके बाद उन्होंने इंदौर डिवीजन की ओर से खेलते हुए टीम की कप्तानी की और 1971 से मध्यप्रदेश की रणजी ट्रॉफी टीम में अपनी पहचान बनाई। उनके नाम कुल 28 प्रथम श्रेणी/रणजी ट्रॉफी मुकाबले दर्ज हैं। रणजी ट्रॉफी में उनका पदार्पण उत्तर प्रदेश के खिलाफ लखनऊ में हुआ।

### दलीप ट्रॉफी और देवधर ट्रॉफी में भी हिस्सा लिया

मध्यप्रदेश के लिए प्रथम श्रेणी क्रिकेट खेलने के साथ ही उन्होंने सेंट्रल जोन का प्रतिनिधित्व करते हुए दलीप ट्रॉफी और देवधर ट्रॉफी में भी हिस्सा लिया। सेंट्रल जोन की ओर से खेलते हुए उन्हें वेस्टइंडीज, ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान जैसी अंतरराष्ट्रीय टीमों के खिलाफ मुकाबले खेलने का अवसर मिला।

### 1991 में अंपायरिंग की ओर बढ़े

क्रिकेटर के रूप में लंबा अनुभव हासिल करने के बाद आनंद पटेल ने 1991 में अंपायरिंग परीक्षा उत्तीर्ण की और मध्यप्रदेश के राज्य पैनल में शामिल हुए। उनके अनुभव और खेल की गहरी समझ ने उन्हें जल्द ही बीसीसीआई के अंपायर पैनल तक पहुंचाया। उन्होंने रणजी ट्रॉफी और देवधर ट्रॉफी सहित घरेलू क्रिकेट के महत्वपूर्ण मुकाबलों में अंपायरिंग की।

### मैच रेफरी के रूप में नई भूमिका संभाली

इसके बाद उन्होंने मैच रेफरी के रूप में नई भूमिका संभाली। वे बीसीसीआई के मैच रेफरी पैनल में शामिल हुए और घरेलू क्रिकेट के विभिन्न मुकाबलों में मैच रेफरी की जिम्मेदारी निभाई। वर्ष 2006 में बीसीसीआई द्वारा नियुक्त मैच रेफरियों की सूची में भी मध्यप्रदेश से आनंद पटेल का नाम शामिल था।

### 2024-25 में सक्रिय सेवाकाल से हुए सेवानिवृत्त

2024-25 में सक्रिय सेवाकाल से सेवानिवृत्त होने के बाद अब उन्हें क्रिकेट में उनके दीर्घकालीन योगदान के लिए एमपीसीए के प्रतिष्ठित लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया जा रहा है। यह सम्मान न केवल उनके छह दशक लंबे क्रिकेट सफर का सम्मान है, बल्कि जबलपुर की समृद्ध क्रिकेट परंपरा के लिए भी गौरव का अवसर है।

### पिच की तैयारी से मैदान की देखरेख की

क्रिकेट के मैदान से उनका जुड़ाव इसके बाद भी जारी रहा। आनंद पटेल को एमपीसीए के जबलपुर स्थित मैदान का ग्राउंड इंचार्ज एवं क्यूरेटर बनाया गया। इस जिम्मेदारी के तहत उन्होंने पिच की तैयारी, मैदान के रखरखाव और मुकाबलों के लिए बेहतर खेल परिस्थितियां तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# जिला कांग्रेस ने संगठन विरोधी शिकायतों पर दिए फैसले

**जिला कांग्रेस ग्रामीण की अनुशासन समिति की बैठक आयोजित**

**जबलपुर नवभारत 25 अगस्त।** जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण की अनुशासन समिति की महत्वपूर्ण बैठक आज कांग्रेस कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में मंडलम अध्यक्षों एवं ब्लॉक अध्यक्षों द्वारा प्राप्त शिकायतों पर विस्तार से चर्चा एवं विचार-विमर्श किया गया।

बैठक में शाहपुरा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित धरना प्रदर्शन के दौरान कुछ लोगों द्वारा ब्लॉक अध्यक्ष की सहमति के बिना अनाप-शनाप एवं आपत्तिजनक भाषण देने तथा कांग्रेस के धरना प्रदर्शन का माहौल खराब करने संबंधी शिकायत पर गंभीरता से चर्चा की गई। अनुशासन समिति ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित लोगों को कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं। समिति ने संबंधित लोगों को 31 अगस्त तक लिखित जवाब प्रस्तुत करने का समय दिया है। समिति ने स्पष्ट किया कि प्राप्त जवाबों की समीक्षा की जाएगी। यदि जवाब संतोषजनक एवं उपयुक्त नहीं पाया गया तो संगठन के नियमानुसार निलंबन सहित अन्य अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

समिति ने यह भी स्पष्ट किया कि कांग्रेस संगठन के विरुद्ध सार्वजनिक रूप से कार्य करने वाले किसी भी व्यक्ति के संबंध में शिकायत प्राप्त होने पर मामले की जांच कर संगठन के नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### एकजुटता से करें कार्य

अनुशासन समिति ने सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं से संगठन की मर्यादा, अनुशासन एवं वरिष्ठ नेतृत्व के निर्देशों का पालन करते हुए कांग्रेस संगठन की मजबूती के लिए एकजुट होकर कार्य करने की अपील की। बैठक में उपस्थित अनुशासन समिति के सदस्यः दिनेश यादव, राधेश्याम चौबे, राजेश तिवारी, राजेंद्र यादव, रूपेंद्र पटेल, चतुर सिंह लोधी, कौशल्या गोटिया, वीरेंद्र चौबे, नित्यनिरंज खपरिया एवं विष्णु शंकर पटेल सहित समिति के सभी सदस्य उपस्थित रहे।



# अफवाहों पर नहीं दें ध्यान, शांति से मनाए त्यौहार

**विजयराघवगढ़ थाना परिसर में शांति समिति की बैठक**

**नवभारत, विजयराघवगढ़।** जिले के थाना विजयराघवगढ़ थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में थाना प्रभारी अभिषेक चौबे, तहसीलदार मनीष शुक्ला उपस्थित जन सामान्य, क्षेत्र के नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, धर्मगुरुओं और शांति समिति के सदस्यों ने सहभागिता की। बैठक के दौरान आगामी त्यौहारों के अवसर पर निकाले जाने वाले जुलूस, यातायात व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंध, साफ-सफाई, पेयजल, विद्युत व्यवस्था सहित विभिन्न आवश्यक विषयों पर चर्चा की गई। तहसीलदार मनीष शुक्ला ने सभी नागरिकों से आपसी भाईचारा, सामाजिक सौहार्द बनाए रखने, अफवाहों पर ध्यान न देने, सोशल मीडिया का जिम्मेदारी पूर्वक उपयोग करने की अपील की। साथ ही किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि और कानून-व्यवस्था संबंधी सूचना तत्काल पुलिस को देने का आग्रह किया। एसपी अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन, एएसपी कमल मौर्य और एसडीओपी विजयराघवगढ़ वीरेंद्र धार्वे के मार्गदर्शन में थाना विजयराघवगढ़ में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई है। आपको बता दें कि आगामी त्यौहार को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण, सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से विजयराघवगढ़ थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।

# पाइपलाइन खुदाई की जगह धंस रही सड़क

**रेलवे स्टेशन मेनरोड से राहगीरों का निकलना दूभर**



**जबलपुर नवभारत 25 अगस्त।** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड और रेलवे स्टेशन को जोड़ने वाली मेनरोड पर पाइपलाइन बिछाने के लिए खोदी गई सड़क पर ठोस फिलिंग नहीं होने से अब बड़ी समस्या खड़ी हो गई है। यह सड़क धंस गई है और जगह-जगह बारिश का पानी भरने से राहगीरों जान जोखिम में लेकर गुजरना पड़ रहा है। ठेकेदार की लापरवाही से किसी भी दिन यहां दुर्घटना होने का खतरा बना हुआ है।

आरोप है कि उक्त पाइपलाइन डालने के बाद ठेकेदार और नगर प्रशासन द्वारा सड़क की समुचित मरम्मत कराने के बजाय केवल खानापूर्ति कर छोड़ दिया गया। बारिश के कारण खोदे गए स्थानों पर पानी भर गया है और मुरुम न डाले जाने से मिट्टी लगातार धंस रही है। रेलवे स्टेशन का मुख्य मार्ग होने के कारण यहाँ से दिन-रात राहगीर और वाहन गुजरते हैं। लोगों को बदहाली के कारण भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ठेकेदार की लापरवाही का प्रत्यक्ष उदाहरण उस समय देखने को मिला जब सामान खाली करने जा रहा एक ट्रक सड़क किनारे पाइपलाइन के लिए खोदे गए गड्ढे की धंसी हुई मिट्टी में जा फंसा। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि यहाँ जल्द ही गड्ढों की भराई और पक्की सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई तो कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। आमजन ने नगर निगम व संबंधित विभाग से तुरंत कार्रवाई की माँग की है।

### इनका कहना है



प्रशासन की इस अनदेखी से आए दिन हादसे हो रहे हैं और राहगीरों की जान जोखिम में बनी हुई है।

**सुरंजन सिंह ठाकुर**



यहां गाड़ी खड़ी करते ही पहिया धंस गया था। जिससे वाहन पलटने का बड़ा खतरा पैदा हो गया था। बाद में ट्रक का सामान खाली करवाकर उसे निकालने की मशक्कत की गई।

**सल्लू रावत, ट्रक चालक**

# चोरी के आरोप में युवक गिरफ्तार, घर में घुसकर की थी वारदात

**उमरियापान पुलिस ने की कार्रवाई, चोरी की सामग्री बरामद**



**नवभारत, उमरियापान।** संपत्ति संबंधी अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत उमरियापान पुलिस ने चोरी के एक मामले का त्वरित खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है । पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर चोरी किए गए सोने-चांदी के जेवरात भी बरामद किए हैं।

उमरियापान थाना प्रभारी महेंद्र जायसवाल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मामले की विवेचना करते हुए आरोपी तक पहुंच बनाई। पुलिस के अनुसार प्रार्थिया वर्षा लोधी निवासी पकारिया ने थाना उमरियापान में शिकायत दर्ज कराई थी कि 4 अगस्त की दरमियानी रात अज्ञात चोर उनके घर में घुसा और सोने-चांदी के जेवरात से भरी पेटी चोरी कर ले गया। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर दर्ज कर अज्ञात आरोपी की तलाश शुरू की। विवेचना के दौरान प्रार्थिया ने पुलिस को बताया कि अजीत उर्फ जित्तू कोल का उनके घर लगातार आना-जाना था और उन्होंने उस पर संदेह व्यक्त किया। पुलिस ने संदेह के आधार पर अजीत उर्फ जित्तू कोल पिता बल्लू कोल, निवासी बरौदा, थाना उमरियापान को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ के दौरान आरोपी ने चोरी की वारदात करना स्वीकार कर ली है। इसके बाद पुलिस ने उसकी निशानदेही पर चोरी किए गए सोने-चांदी के जेवरात बरामद कर लिए । गिरफ्तारी के बाद आरोपी अजीत उर्फ जित्तू कोल को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से जेल वारंट जारी होने पर उसे जिला जेल भेज दिया गया। कार्रवाई में और चोरी की सामग्री बरामद करने में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक महेंद्र जायसवाल, उपनिरीक्षक भरत सिंह मार्को, प्रधान आरक्षक आशीष झारिया, प्रधान आरक्षक अजय तिवारी, आरक्षक सतेन्द्र चौरसिया, आरक्षक नीलेश पटेल, आरक्षक मोहन मुबेल, आरक्षक रोहित झारिया सहित थाना स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही। पूरी कार्रवाई एसपी अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन, एएसपी कमल मौर्य और एसडीओपी स्लीमनाबाद आकांक्षा चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में की गई।

## द्वारका सिंह को पुनः मिली ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष की जिम्मेदारी

**नवभारत, गोटेगांव।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार विधानसभा गोटेगांव की ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों की कार्यकारिणी का गठन किया गया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुनीता पटेल तथा जिला संगठन मंत्री शैलेंद्र दीवान सिंह की अनुशंसा पर चंदली निवासी वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष द्वारकासिंह राजपूत को पुनः विधानसभा गोटेगांव का ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति पर कांग्रेसजनों में हर्ष व्याप्त है। कांग्रेसजनों ने विश्वास व्यक्त किया है कि उनके नेतृत्व में संगठन और अधिक मजबूत होगा तथा पार्टी की रीति-नीति को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा।

## समाज सेवा के संकल्प के साथ बीएसडब्ल्यू एवं एमएसडब्ल्यू की कक्षाएं शुरू

**नवभारत, करेली।** शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व विकास पाठ्यक्रम के अंतर्गत बीएसडब्ल्यू एवं एमएसडब्ल्यू की कक्षाओं का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के पूजन एवं अतिथियों के स्वागत के साथ हुई। कार्यक्रम में विकासखंड समन्वयक माधवी पाठक ने मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व विकास पाठ्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए इसके उद्देश्यों एवं समाज में इसकी उपयोगिता पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को समाज के विभिन्न वर्गों के बीच जाकर कार्य करने तथा सामुदायिक समस्याओं के समाधान में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य सीताराम नामदेव ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि समाज सेवा से जुड़ा यह पाठ्यक्रम विद्यार्थियों को समाज की वास्तविक परिस्थितियों को समझने का अवसर देगा। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी शिक्षा के साथ समाज के लिए उपयोगी बनें और सामाजिक क्षेत्र में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि समाज निर्माण में युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। नगर पालिका परिषद उपाध्यक्ष श्रीमती अनीता नेमा ने कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा के साथ-साथ समाज को नशे जैसी गंभीर समस्या से बचाना सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है। आज अनेक परिवार और युवा नशे की गिरफ्त में हैं, ऐसे लोगों के बीच जाकर जागरूकता फैलाना और उन्हें मुख्यधारा से जोड़ना समाजसेवियों के लिए एक बड़ा दायित्व है। उन्होंने कहा कि महिला सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण, नशामुक्ति और सामाजिक जागरूकता जैसे क्षेत्रों में विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर कार्य करना चाहिए। एमएसडब्ल्यू के छात्र व शासकीय अधिमान्य पत्रकार अमित जैन संजय ने युवाओं से अपने से बड़ों के प्रति सम्मान की भावना बनाए रखने का भी आह्वान किया। व प्रथम वर्ष के अनुभवों को शेयर करते हुए काव्यात्मक प्रस्तुति दी। युवा पत्रकार रामकुमार विश्वकर्मा ने अपनी बात कहते हुए संगठनात्मक गीत की प्रस्तुति दी।अतिथियों के उद्बोधन के बाद बीएसडब्ल्यू एवं एमएसडब्ल्यू पाठ्यक्रम में नवप्रवेशित छात्र - छात्राओं को अध्ययन सामग्री एवं पुस्तकें वितरित की गईं। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक अपनी नई शैक्षणिक यात्रा का शुभारंभ किया।

# गांव-गांव पैकारी, गली-गली बिक रही शराब



**नवभारत, कटनी।** जिले के बिलहरी चौकी क्षेत्र के कैमुरी गांव की दर्जनों महिलाओं ने मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर अवैध नशे के कारोबार के खिलाफ प्रदर्शन किया। उन्होंने पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन सौंपकर गांव में चल रही शराब की अवैध पैकारियों को तत्काल बंद कराने और माफियाओं पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। एसपी कार्यालय पहुंचीं मीराबाई, रामकिशोरी और अन्य महिलाओं ने बताया कि गांव में खुलेआम अवैध शराब बिक रही है। इससे छोटे बच्चे और युवा नशे की लत में फंसते जा रहे हैं। महिलाओं का कहना है कि शराबखोरी की वजह से आए दिन घरों में झगड़े हो रहे हैं। उनके पति नशे के आदी हो चुके हैं, जिससे घर में पैसे की तंगी तो बनी ही है, साथ ही वे मारपीट और प्रताड़ना भी झेलने को मजबूर हैं। महिलाओं ने बताया कि इससे पहले भी वे स्थानीय थाने में कई बार शिकायत कर चुकी हैं और चक्काजाम भी कर चुकी हैं। तब अधिकारियों ने कार्रवाई का भरोसा दिया था, लेकिन ज़मीन पर कोई बदलाव नहीं हुआ। एक साल से परेशान महिलाओं ने चेतावनी दी है कि अगर इस बार भी सिर्फ आश्वासन ही मिला और ठोस कार्रवाई नहीं हुई, तो वे उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगी।

वहीं ग्राम पंचायत सिंहुड़ी के निवासियों ने गांव में हो रहे अवैध शराब कारोबार के विरोध में मोर्चा खोल दिया है। मंगलवार को काफी संख्या में ग्रामीणों ने एसपी कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा और अवैध महुआ शराब की बिक्री पर तत्काल रोक लगाने की मांग की। ग्रामीणों ने शिकायत में बताया कि गांव के सपेरा नागनाथ समुदाय के मोहल्ले में, जो कि शासकीय प्राथमिक-माध्यमिक विद्यालय, पंचायत भवन और आंगनवाड़ी केंद्र के समीप है, खुलेआम कच्ची महुआ शराब बनाई और बेची जा रही है। इसके कारण शासकीय स्कूल में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं की शिक्षा और मानसिक स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है। साथ ही गांव के नाबालिग बच्चे भी नशे की लत में फंस रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि शराब निर्माण के बाद बचे जहरीले महुआ लाहन को खुले में फेंक दिया जाता है। इस जहरीले अवशेष को खाने से हाल ही में कुछ गायों की असमय मौत भी हो चुकी है। इसके अलावा, अवैध ठिकाने पर दिन-रात असामाजिक तत्वों और पियक्कड़ों का जमावड़ा रहने से अभद्र भाषा, विवाद और उपद्रव का माहौल बना रहता है। राममिलन, संजय, रोहित सहित कई ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि पुलिस-प्रशासन 15 दिनों के भीतर इस अवैध शराब अड्डे को बंद कराकर सख्त कार्रवाई नहीं करता है, तो पूरा गांव सड़कों पर उतरकर उग्र आंदोलन और चक्का जाम करने के लिए बाध्य होगा।

**न्यायालय नायब तहसीलदार खम्हरिया वृत्त जबलपुर**

रा.प्र.क्र.1511/अ-6/2026-27

**आम ईश्तहार**

ग्राम जुनवानी तहसील व जिला जबलपुर की आम जनता को सूचित किया जाता है कि, आवेदक श्री महेश पिता श्री नोखेलाल निवासी:- 34, जुनवानी पोस्ट हिनौतियाभोई, जुनवानी, तह. व जिला जबलपुर व अन्य ने ग्राम जुनवानी, प.ह.नं. 87, राजस्व निरीक्षक मंडल खम्हरिया स्थित भूमि ख.नं. 175 रकवा 0.930हे. भूमि के फौती नामांतरण हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में पेश किया है।

अत: उक्त भूमि के फौती नामांतरण तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति पेशी दिनांक 06/09/2026 तक इस न्यायालय में स्वंय उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। पेशी दिनांक व्यतीत हो जाने पर प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जायेगा।

इश्तहार आज दिनांक 21/08/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांक :- 21/08/2026
पेशी दिनांक :- 06/09/2026

सील

अतिरिक्त तहसीलदार
खम्हरिया वृत्त जबलपुर

**पश्चिम मध्य रेल**

**शुद्धि पत्र**

**Office of the, Dy. Chief Electrical Engineer, Project/JBP**
**No:JBP/Project/EPC/2025/01R**
**Dt: 21.08.2026**

'टेंडर संख्या JBP/Project/EPC/2025/01R दिनांक: 04.08.2026 में सुधार नोटिस संख्या 1 से 4 तक, **ireps.gov.in** वेबसाइट पर जारी किए गए हैं। विवरण के लिए, टेंडर करने वालों से अनुरोध है कि वे सुधार नोटिस देखें।' (हस्ता.)

**Dy.CEE/P/JBP**

स्वच्छ भारत अभियान, एक कदम स्वच्छता की ओर

**कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर (म.प्र.)**

**प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना**

निविदा सूचना क्रं./उ.वि./2026-27/PRO-518 दिनांक-25/08/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_UAD_531945_1 | फूल माला, बुके, खुला फूल, साज सज्जा हेतु सामग्री क्रय किये जाने की वार्षिक निविदा का कार्य।(वर्ष 2026-27) | 12 Month<br>15,00,000=00 | 2,000=00<br>11,300=00 | 27/09/2026 |

**नोट**:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**उद्यान अधिकारी**
**नगर पालिक निगम जबलपुर**